# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


प्रेस विज्ञप्ति

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में अंतर-गृह हिन्दी एवं अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में 7 एवं 8 अक्टूबर, 2025 को कक्षा VI से IX एवं XI के विद्यार्थियों के लिए क्रमशः अंतर-गृह हिन्दी एवं अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

यह आयोजन विचारों के उत्साहपूर्ण आदान-प्रदान का साक्षी बना, जहाँ उदीयमान वक्ताओं ने अत्यंत जोश और तर्कपूर्ण ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए।

हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय थे - "कृत्रिम बुद्धिमत्ता: मानवता के लिए वरदान या अभिशाप" एवं "विद्यार्थी जीवन में अनुशासन रचनात्मकता को सीमित करता है।"

अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय थे - **Sports are as important as studies** (समूह A: कक्षा VI–VIII) एवं **Social Media is destroying real communication** (समूह B: कक्षा IX एवं XI)

चारों सदनों- बायरन, इलियट, कीट्स और शेक्सपियर - के प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक टीम में दो वक्ता थे - एक प्रस्ताव के पक्ष में तथा दूसरा विपक्ष में। वक्ताओं ने अपने तर्क, आत्मविश्वास और प्रभावशाली अभिव्यक्ति से श्रोताओं और निर्णायकों को प्रभावित किया।

हिन्दी वाद-विवाद के निर्णायक मण्डल में थे - श्री रामकृष्ण गुप्ता, श्री कुमार अशुतोष एवं श्री अखिलेश कुमार। उन्होंने विद्यार्थियों के तर्कशक्ति, संयम और प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना की। अंग्रेज़ी वाद-विवाद के निर्णायक थे - श्री नबारून सेनगुप्ता, श्री देबाशीष भट्टाचार्य एवं सुश्री नैन्सी रोज़ी सिंह। उन्होंने प्रतिभागियों की भाषा पर उत्कृष्ट पकड़, स्पष्ट विचार और गहन विश्लेषण की प्रशंसा की।

हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं का नाम इस प्रकार है - ऋतिक भगत (VIII-C), श्रुति (VIII-D), वैष्णवी (VII-D), यशवर्धन सिन्हा (VIII-D), सूरज कुमार सिंह (XI-E), सृष्टि कुमारी (XI-E), अंशिका चौरेसिया (IX-D), रंजना कुमारी (IX-A) एवं दिव्या रानी (IX-D)। अंग्रेज़ी वाद- विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं का नाम इस प्रकार है - स्नेहा महापात्रा (VIII-D), पी. श्रीराम (VIII-D), अक्षांश आर्य (VII-B), आर्या प्रभा (VIII-G), प्रत्युष झा (XI-C1), भारती रंजन (XI-E), आर्यन कुमार सिंह (XI-C1), अंशिका झा (IX-D) एवं अर्घ्य आराध्य (IX-B)।

शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं बौद्धिक परिपक्वता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वाद-विवाद विद्यार्थियों को आलोचनात्मक सोचने, तार्किक रूप से विचार व्यक्त करने और विभिन्न मतों का सम्मान करने की प्रेरणा देता है।

प्रधानाचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों में स्पष्ट सोच, तत्परता और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखने की क्षमता का विकास करते हैं।

विद्यालय प्रबंधन के अन्य सदस्यों ने भी सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह प्रतियोगिता केवल वक्तृत्व कला का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में विवेक, अनुशासन और अभिव्यक्ति की कला के महत्व को भी रेखांकित करती है।

OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268

Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731

**Press Release**

# Inter-House Hindi & English Debate Competitions held at Oxford Public School, Ranchi

Oxford Public School, Ranchi organized the Inter-House Hindi and English Debate Competitions for students of Grades VI to IX and XI on 7th and 8th October, 2025, respectively. The event witnessed an engaging exchange of ideas as young debaters passionately deliberated on thought-provoking topics.

For the Hindi Debate, the motions were - "कृत्रिम बुद्धिमत्ता: मानवता के लिए वरदान या अभिशाप" (Group A: Classes VI–VIII), and "विद्यार्थी जीवन में अनुशासन रचनात्मकता को सीमित करता है।" (Group B: Classes IX & XI). For the English Debate, the topics were - "Sports are as important as studies" (Group A: Classes VI–VIII), and "Social Media is destroying real communication" (Group B: Classes IX & XI)

The competition saw enthusiastic participation from all four Houses - Byron, Eliot, Keats and Shakespeare. Each team comprised two speakers — one speaking for and the other against the motion. The participants impressed the audience and judges alike with their eloquence, clarity of thought, and confidence.

The panel of judges for the Hindi Debate Mr. Ramkrishna Gupta, Mr. Kumar Ashutosh, and Mr. Akhilesh Kumar lauded the participants for their logical reasoning, composure, and persuasive skills. The English Debate was judged by Mr. Nabarun Sengupta, Mr. Debashish Bhattacharya, and Ms. Nancy Rosy Singh, who praised the participants for their impressive articulation, command over language and critical insight.

The winners of the Hindi Debate were - Ritik Bhagat (VIII-C), Shruti (VIII-D), Vaishnavee (VII-D), Yashvardhan Sinha (VIII-D), Suraj Kumar Singh (XI-E), Shristi Kumari (XI-E), Anshika Chourasia (IX-D), Ranjana Kumari (IX-A) and Divya Rani (IX-D) while the winners of the English Debate were - Sneha Mahapatra (VIII D), P. Sriram (VIII-D), Akshansh Arya (VII-B), Arya Prabha (VIII-G), Pratyush Jha (XI-C1), Bharti Ranjan (XI-E), Aryan Kumar Singh (XI-C1), Anshika Jha (IX-D) and Arghya Aradhya (IX-B).

The Academic Director, Dr. Simi Mehta, appreciated the participants for their confidence and intellectual maturity, emphasizing that debating encourages students to think critically, express logically, and respect diverse viewpoints.

The Principal, Mr. Ranjeet Kumar Thakur, congratulated all the winners and commended the efforts of the teachers and students for organizing such a thought-enriching event. He remarked that platforms like these help students develop clarity of thought, presence of mind, and the courage to express their convictions with poise.

The other members from the School Management extended heartfelt congratulations to all the participants for showcasing commendable confidence and intellectual depth. The event not only celebrated the art of debating but also underscored the importance of critical thinking, discipline, and articulate expression in the holistic development of students.